# खेल खेल में

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 104)

➢ पाठ में जिन-जिन खेलों के नाम आए हैं उनके नाम तालिका में लिखो। इनमें से जो खेल घर के अंदर खेले जाते हैं उनके सामने  बनाओ। घर के बाहर खेले जाने वाले खेल के सामने  बनाओ। खेल के सामने खिलाड़ियों की संख्या लिखना मत भूलना। खेल के खेलने में अगर कुछ चीजों की जरूरत होती है तो उनके नाम भी लिखो।

उत्तर

| पाठ में आए खेलों के नाम | / | कितने खिलाड़ी | किन चीजों की जरूरत |
|---|---|---|---|
| स्टापू |  | 4-5 या ज्यादा | ठिप्पी |
| लंगड़ी टाँग |  | 5 से 7 | कुछ नहीं |
| छुपनछुपाई |  | 5 से 7 | छुपने की जगह |
| गिट्टा |  | 5 से 7 | प्लेटों के टुकड़े |
| कबड्डी |  | हर टीम में 8; इनसे कम खिलाड़ियों से भी खेल सकते हैं। | छोटा सा मैदान |
| कंचे |  | 5 से 7 | कंचे |
| कुश्ती |  | दो | अखाड़ा |
| गिल्ली डंडा |  | कम से कम 2 | गिल्ली और डंडा |
| पतंगबाजी |  | अकेले भी खेल सकते हैं | पतंग, धागा और चरखी |
| शतरंज |  | 2 | शतरंज का बोर्ड और मोहरे |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 105)

➢ क्या तुम स्टापू से मिलता-जुलता कोई और खेल खेलते हो? उस खेल का क्या नाम है? खेल को खेलने के लिए जमीन पर जो आकृति बनाते हो उसे यहाँ बनाओ।

उत्तर स्वयं करो।

➢ तुम परिवार में किस के साथ क्या खेल खेलते हो?

उत्तर

| परिवार का सदस्य | खेल का नाम |
|---|---|
| पिता | शतरंज |
| बहन | शतरंज और लूडो |
| माँ | शतरंज और व्यापार |
| भाई | बैडमिंटन |

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 106)

➢ क्या तुम अपने इलाके के किसी मशहूर खिलाड़ी का नाम जानते हो? यदि हाँ, तो उसका नाम और वह किस खेल से जुड़ा है, लिखो।

**उत्तर** सुशील कुमार–कुश्ती।

➢ तुम गेंद से खेले जाने वाले कितने खेल जानते हो? दी गई गेंद में उनकी सूची बनाओ।

**उत्तर**

क्रिकेट
फुटबॉल
हॉकी
टेनिस
बास्केटबॉल

➢ क्या तुमने सानिया मिर्जा का नाम सुना है? वे भी गेंद से ही एक खेल खेलती हैं। पता करो और लिखो कौन-सा।

**उत्तर** हाँ, मैंने सानिया मिर्जा का नाम सुना है। वह टेनिस खेलती है।

➢ तुम्हें कौन-सा खेल सबसे ज्यादा पसंद है?

**उत्तर** क्रिकेट।

➢ अपने घर या आस-पास के किसी बड़े व्यक्ति से पता करो–जब वे छोटे बच्चे थे तब वे क्या खेल खेलते थे?

**उत्तर** 1. गिल्ली-डंडा, 2. लूडो, 3. फुटबॉल, 4. छुपनछुपाई, 5. क्रिकेट, 6. लट्टू

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 107)

## पहेली को चित्र से जोड़ो और खेल का नाम लिखो।

➢ साँप काटे तो नीचे आऊँ
सीढ़ी मिले तो झट चढ़ जाऊँ

**उत्तर** साँप-सीढ़ी।

➢ रंग-बिरंगी काँच की गोली
साध निशाना जीती भोली

**उत्तर** कंचे।

➢ बाँध गले में सूत
बिन पंख मैं उड़ जाऊँ

**उत्तर** पतंग।

➢ बेगम, बादशाह, इक्का, गुलाम
बावन पत्तों के खेल का नाम

**उत्तर** ताश।

➢ राजा, रानी, वजीर, सिपाही
सबकी आपस में हुई लड़ाई

**उत्तर** शतरंज।

➢ लगा लो तुम चौके-छक्के
बना लोगे सौ रन पक्के।

**उत्तर** क्रिकेट।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 108)

➢ खेलने के अलावा तुम क्या-क्या करते हो?

**उत्तर** पढ़ाई, चित्रकारी, टी वी देखना, गाना गाना, गिटार बजाना, बागवानी।

➢ तुम्हारे परिवार के लोग दिए गए चित्रों में से जो कुछ करते हैं उनमें रंग भरो। खाली छोड़ी हुई जगह में कुछ और भी जो वे करते हैं, उसका चित्र बनाओ और लिखो।

*(एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक, पृष्ठ संख्या 108 देखें)*

**उत्तर**

योगा सुबह की सैर इंटरनेट सर्फिंग